प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के लिये सभी तैयारियां पूरी : लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव सहित 14 संसदीय सीटों के कल डाले जायेंगे वोट।
2. निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के लिये पोलिंग पार्टियां हुई रवाना : स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के किये गये हैं कड़े इंतजाम।
3. लोकसभा चुनाव के छठे और सातवें चरण के लिये प्रचार अभियान चरम पर : भाजपा नेता अमित शाह ने प्रयागराज और जौनपुर में, अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने प्रयागराज में तथा मायावती ने मऊ में चुनावी रैली को किया संबोधित।

और

4. प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के पश्चिम और मध्य जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की।

————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये कल बीस मई को मतदान होगा। इसके साथ ही लखनऊ के पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी

वोट डाले जायेंगे। मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इन सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। और जानकारी हमारे संवादाता से.........

*पांचवे चरण के मतदान की 14 सीटें उत्तर प्रदेश के अवध और बुन्देलखंड इलाके में फैली हुई हैं। इनमें रायबरेली, अमेठी, लखनऊ, मोहनलालगंज, हमीरपुर, जालौन, झांसी, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, फैजाबाद, बाराबंकी, कैसरगंज और गोंडा शामिल हैं। पिछले चुनाव में बीजेपी ने इन 14 में से 13 सीटें जीती थीं। पार्टी जो एकमात्र सीट हारी वह रायबरेली थी, जिसे पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने जीता था। इन 14 सीटों पर कई दिग्गज मैदान में हैं. रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के तौर पर लखनऊ संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। राजनाथ सिंह का मुकाबला सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा और बसपा उम्मीदवार सरवर मलिक से है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में कांग्रेस के के. एल. शर्मा के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। राहुल गांधी रायबरेली से बीजेपी के दिनेश प्रताप सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर मोहनलालगंज सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

चुनाव आयोग के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए प्रत्येक मतदान कर्मी को विशेष मेडिकल किट देने के निर्देश दिये गये हैं, मतदेय स्थलों में भी गर्मी से बचाव के सभी इंतजाम किये गये हैं। दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर तथा जगह–जगह पर वॉलन्टियर की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त लखनऊ इन्दरजीत सिंह ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को प्रेरित करने के

लिये रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कई इंतजाम किये हैं। बाइट.......

इस बार जो है पोलिंग बूथ पे जो क्योंकि गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन नगर निगम एलडीए द्वारा प्रापर सेड का बंदोबस्त किया गया है। पानी की सफीसेन्ट व्यवस्था की गई है। चौदह आर डब्ल्यू में इस बार जो एलडीए द्वारा पूरा मॉडल बूथ बनाए गए है आर डब्ल्यू से लगातार इंटरेक्शन भी की गई है। जितनी भी हमारी पर्चियाँ है वो सब चुकी है वहाँ पे, जितने भी हमारे बुजुर्ग मतदाता है उनको असिस्ट करने के लिए हमारे पास एक ऐप है जिसमें से ... मिलता रहता है और उनको जो है मैसेज भी जाएगा की किसमें किस बजे आना है। इसके साथ साथ उनका असिस्ट करने के लिए बाकी हमने वॉलेंटियर भी लगाए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य फोटो पहचान पत्र मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान किये जाने के लिये मान्य होंगे।

इस चरण में 2 करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता है। 14 लोकसभा में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में है, जिनमें 131 पुरूष और 13 महिला प्रत्याशी है, जबकि लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में चार प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रदेशभर में 28 हजार 688 मतदेय स्थल बनाये गये हैं, जिनमें 4 हजार 232 संवेदनशील तथा 17 हजार 129 मतदान केन्द्र है। इस बीच मतदान सम्पन्न कराने के लिये आज पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों के लिये रवाना कर दी गईं हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। पुलिस

बल के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की कई कम्पनियां भी तैनात की गई है। मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी के लिये विशेष व्यवस्था की गई है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठे और सातवें चरण के लिये प्रचार अभियान चरम पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने आज प्रयागराज के फूलपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का संकल्प लेने का है। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में

देखना चाहती है, उनके नेतृत्व में भारत दुनिया में विकसित और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। श्री शाह ने जौनपुर के मड़ियांहू में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए फिर कहा कि आरक्षण को कोइ हाथ नहीं लगा सकता, कांग्रेस झूठ फैला रही है कि मोदी आयेंगे तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को बांटना चाहती है, लेकिन भाजपा देश का बंटवारा कभी नहीं होने देगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आजमगढ, प्रयागराज के फूलपुर और प्रतापगढ़ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज आजमगढ़ की पहचान बदली है। रोजगार की तलाश में युवाओं का पलायन कम हो गया है।

श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस साल में भारत का कायाकल्प कर दिया है। आज दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी गई है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है। उधर, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मोहन यादव ने गाजीपुर में रैली कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। दूसरी ओर प्रयागराज के फूलपुर में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को संयुक्त जनसभा में शामिल होना था, लेकिन हंगामा होने की वजह से सभा नहीं हो पायी। इस दौरान भीड़ बेकाबू हो गई और

मंच के आसपास लगाई गई बैरिकेटिंग तोड़ दी, जिसकी वजह से दोनों नेता बिना भाषण दिये चले गये। इसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने प्रयागराज के करछना के मुगारी में संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र का विकास दोगुनी गति से होगा, क्षेत्र में नये–नये उद्योग लगाये जायेंगे। वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन संविधान को बचाना चाहती है। हम युवाओं को नौकरी के साथ–साथ सम्मान भी दिलायेंगे।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने महराजगंज में इंडिया गंठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को झूठे सपने दिखाये।

वाराणसी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आज घर–घर जाकर लोगों से जनसम्पर्क कर संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि वाराणसी की जनता इस बार किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है।

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने मऊ में जनसभा कर जिले की घोसी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को

जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड रही है। उनकी पार्टी द्वारा टिकट बंटवारे में भी सर्वसमाज के लोगा को उचित भागीदारी दी गई है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

——————————

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिससे जन–जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य में अधिकतम तापमान 46 दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस कानपुर में दर्ज किया गया। वहीं गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, आगरा और मेरठ मंडलों में सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियास तापमान अधिक रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश में शुष्क रहने और गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। वहीं मंगलवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जताया गया है।

——————————

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने आज प्रयागराज स्थित भारतीय वायु सेना के मध्य वायु कमान के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्हें मध्य वायु कमान के

परिचालात्मक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। इस ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना और नजदीकी सेना एवं वायु सेना स्टेशनों के वरिष्ठ अधिकारी संम्मिलित हुए। सीडीएस ने अपने संबोधन में तत्परता एवं सतर्कता के वांछनीय स्तर को बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त कौशल को मजबूत करने एवं सशस्त्र बलों के मध्य तालमेल के माहौल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

(समाप्त)